# 24 खंभा माता मंदिर मार्ग 24 मीटर होगा चौड़ा

▶ श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा, शहर में तेज हुए निर्माण कार्य



**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में सड़क निर्माण, मार्ग चौड़ीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन द्वारा महाकाल क्षेत्र से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों तक बड़े स्तर पर काम किए जा रहे हैं। इन्हीं निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता देखने के लिए बुधवार सुबह संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और मौके पर पहुंचकर अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और स्पष्ट कहा कि सिंहस्थ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन को देखते हुए निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्य तय समय सीमा में और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर यातायात व्यवस्था और सुविधाएं मिल सकें।

सबसे पहले जीवनखेड़ी से सिकंदरी तक बन रही नई सड़क का निरीक्षण किया गया। सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग का निर्माण महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लगभग 3.2 किलोमीटर लंबी और करीब 30 मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों से कार्य की स्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि सड़क निर्माण के लिए डीएसबी का कार्य किया जा चुका है और आगे के चरणों में सड़क को मजबूत और व्यवस्थित रूप दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जीआई मैपिंग के आधार पर सेंट्रल लाइन तय कर कार्य को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन स्थानों पर भूमि अधिग्रहण और मुआवजा संबंधी प्रकरण लंबित हैं, उन्हें जल्द से जल्द निपटाने के लिए भी कहा गया। मंदिर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मार्गों का भी निरीक्षण किया गया। महाकाल पार्किंग से 24 खंबा माता मंदिर तक 24 मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण कार्य को देखा गया। इसी तरह भारत माता मंदिर से अहिल्याबाई पार्किंग तक मार्ग निर्माण और 24 खंबा माता मंदिर से छोटा रुद्रसागर तक लगभग 650 मीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया गया। ये सभी मार्ग महाकाल मंदिर क्षेत्र से सीधे जुड़े हुए हैं और यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सिंहस्थ के दौरान यह संख्या कई गुना बढ़ जाएगी।

### गदा पुलिया से रवि शंकर नगर मार्ग

निरीक्षण के दौरान गदा पुलिया से रविशंकर नगर होते हुए लालपुल तक बन रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य को भी देखा गया। यह मार्ग करीब 1.387 किलोमीटर लंबा और लगभग 24 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने इस पूरे मार्ग पर पैदल भ्रमण कर निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। जयसिंहपुरा क्षेत्र में रहवासियों ने बताया कि शहर के विकास और सिंहस्थ की तैयारी को देखते हुए क्षेत्र के कई लोगों ने अपने मकान और निर्माण स्वयं ही हटाए हैं।

# वार्ड 40 में सीसीरोड की सौगात

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 40 की क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से वार्ड में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत राशि रुपए लगभग 37 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। उक्त कार्य का भूमि पूजन बुधवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पार्षद जानी बाई सतीश राठौर, पुरुषोत्तम मालवीय, हरीश सोलंकी, आनंद खींची, कमलेश बैरवा की उपस्थिति में किया गया।

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत राशी रुपए लगभग 37 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। उक्त कार्य अंतर्गत बजरंग नगर की विभिन्न गलियों में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य होगा। साथ ही निगम अध्यक्ष कलावती यादव के निर्देश के क्रम में बजरंग नगर की मुख्य रोड पर भी सीमेंट कंक्रीट किए जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके क्रम में संपूर्ण गलियों में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण होगा जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान सतीश राठौर, महेंद्र मरमट, इंद्र सिंह गहलोत, इंद्रमणि राजपूत, परमानंद प्रजापत, अनिल गिरी, रंजना राजपूत, ललिता द्रोणावत एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

### बोरिंग खनन कार्य का किया भूमि पूजन

उज्जैन। बुधवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने पार्षद एवं सुशील श्रीवास की उपस्थिति में वार्ड 24 अंतर्गत निगम अध्यक्ष मद की राशि से होने वाले बोरिंग खनन कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान विजय चौहान, सुविनोदिनी पाटीदार, मुकेश जोशी, मनीष शर्मा, संतोष जाट, कुलदीप घारिया उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### तुझे नाटक नहीं आता करेगा क्या ज़माने में

**उज्जैन।** कविता अंधेरे और प्रकाश के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती है। कवियों का दायित्व बहुत बड़ा है। कविता साझा अनुभवों में अपनी शक्ति पाती है। यह विचार मध्यप्रदेश लेखक संघ, उज्जैन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित सरस काव्य गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक एवं समालोचक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने व्यक्त किए। आपने कहा कि कविता मानव अस्तित्व के हर पहलू को पकड़ती है। वह दैनन्दिन खुशियों और संघर्षों से लेकर जीवन के गहरे सत्य तक सभी को उद्घाटित करती है। सरस गोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने कहा कि साहित्यिक-सांस्कृतिक नगरी में आना और काव्य पाठ करना मन को सुकून देता है। आपने कविता पढ़ते हुए कहा कि कभी चाहा नहीं फिर भी यह आता है बताने में बहुत सी ज़हमतें हैं आज अच्छापन निभाने में। मुझे स्कूल में नाटक से यह कहकर निकाला था, तुझे नाटक नहीं आता करेगा क्या ज़माने में। अध्यक्षीय उद्बोधन प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने दिया। सारस्वत अतिथि डॉ. शिव चौरसिया, विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण जोशी और विशेष अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी थे। सरस्वती वंदना डॉ. अनामिका सोनी ने प्रस्तुत की तथा स्वागत भाषण डॉ. हरीशकुमार सिंह ने दिया। गोष्ठी में कैलाश सोनी, डॉ. उर्मि शर्मा, डॉ. पुष्पा चौरसिया, संगीता तल्लेरा, डॉ. राजेश रावल, डॉ. रमेश चांगेसिया, सुगनचंद जैन, संतोष सुपेकर, सीमा देवेन्द्र, डॉ. पांखुरी वक्त, संदीप सृजन, प्रफुल्ल शुक्ला, डॉ. अनामिका, सूरज नागर, डीके जैन, डॉ. अखिलेश चौरे, आशीष श्रीवास्तव, डॉ. अभिलाषा शर्मा, डॉ. हरीशकुमार सिंह, हरदीप दायले, नेत्रा रावणकर, श्रीकृष्ण गुप्ता, विनोद काबरा और मानसिंह शरद ने काव्य पाठ किया। संचालन डॉ. राजेश रावल ने किया और आभार आशीष श्रीवास्तव ने माना।

### महालक्ष्मी मंदिर में किया आकर्षण श्रृंगार



**उज्जैन।** अलखधाम नगर स्थित श्री साई बाबा मंदिर में विराजित माता महालक्ष्मी मंदिर पर चैत्रीय नवरात्रि पर्वकाल में नित प्रतिदिन नये नये रूप में मां का श्रृंगार हो रहा है। ट्रस्टी ओम बंसल व समिति अध्यक्ष रमेश परवाल के अनुसार महालक्ष्मी मंदिर में नवरात्रि उत्साहपूर्वक धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। प्रतिदिन विभिन्न सूक्त पाठ, अर्चन व भजनों के द्वारा मां की भक्ति की जा रही है। माताजी का नवरात्रि में श्रृंगार नियमित रूप से प्रो. रेखा गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। कल नवरात्रि की महानवमी पर 27 मार्च शुक्रवार को माताजी का विशिष्ट एवं अद्भुत श्रृंगार किया जाकर महाआरती की जावेगी एवं 56 भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण संध्या 7 बजे किया जायेगा। माता के भक्तों से ट्रस्ट ने इस उत्सव में सम्मिलित होकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

### राहुल चंदेरी बने उज्जैन जिलाध्यक्ष

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एसबी सिंह ने सिविल सर्जन कार्यालय जिला चिकित्सालय उज्जैन में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 राहुल चंदेरी को उज्जैन जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला प्रवक्ता राकेश पाठक के अनुसार राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, जिला अध्यक्ष ओम यादव, जिला उपाध्यक्ष नवीन पांडे, सोनू भावसार, पुरुषोत्तम शर्मा, दिलीप बोटके, प्रमोद सूर्यवंशी ने हर्ष व्यक्त कर चंदेरी का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

# जो कर्मचारी विभागों में कार्यरत है उनकी उपस्थिति दर्ज हो



**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा बुधवार को नगर निगम के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जो कर्मचारी विभागों में बिना कारण अनुपस्थित पाए गए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जो कर्मचारी विभागों में कार्यरत है उनकी उपस्थिति उनके विभागों में ही दर्ज हो अन्य विभागों में नहीं हो। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा निगम सचिव कार्यालय, विधि विभाग, लेखा शाखा, कोषालय, पेंशन शाखा, ऑडिट शाखा, जनसंपर्क विभाग, आईटी सेल, स्थापना शाखा, बिल्डिंग परमिशन, सामान्य प्रशासन, शिल्पज्ञ विभाग का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई साथ ही निर्देशित किया कि कार्यलय समय में कर्मचारी उपस्थित रहें। समय से कार्यालय आएं एवं फाइलों को अनावश्यक लंबित न रखें, विभागों में सफाई व्यवस्था का भी ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान शिवेंद्र तिवारी, प्रकाश शर्मा, बालकृष्ण पटेल, खुशाल गुप्ता, उपायुक्त मनोज मौर्य उपस्थित रहे।

# दो ने लगाई फांसी, एक ने खाया जहर

▶ पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर जांच शुरू करेगी

**उज्जैन। मंगलवार रात से बुधवार दोपहर के बीच तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली। 2 ने फांसी लगाई थी, एक ने जहर खाया था। तीनों का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।**

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के अवंतिपुरा में रहने वाले 20 वर्षीय जतीन पिता शंकर बैस ने रात में कमरे का दरवाजा बंद कर रस्सी के फंदे से फांसी लगा ली। जतीन नशा कर घर पहुंचा था। मां रेखा बैस कमरे में पहुंची तो पुत्र को फंदे पर लटका देखा जिसे अस्पताल लाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं ज्ञान टेकरी के रहने वाले राजेश पिता रामनारायण शर्मा 40 वर्ष ने भी गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। पुत्र रौनक ने पिता को देखा तो आसपास के लोगों की मदद से नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा जहां कुछ देर बाद राजेश की मौत हो गई वह राजेश ऑटो चालक था। तीसरा मामला बुधवार दोपहर खाराकुआं थाना क्षेत्र के पानदरीबा से सामने आया, यहां रहने वाले 55 साल के सचिन पिता विष्णु नारायण तिवारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे कुछ देर गहन चिकित्सा इकाई में उपचार चलने के बाद सचिन की मौत हो गई। फिलहाल तीनों मामलों में आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

# मासूम भाई-बहन को सकुशल परिजनों से मिलवाया

**उज्जैन। बिरलाग्राम पुलिस को 5 साल की बालिका और 4 साल का बालक रोता-बिलखता दिखाई दिए। दोनों से बात करने का प्रयास किया लेकिन उनका रोना बंद नहीं हुआ। बमुश्किल बालिका ने स्कूल का नाम बताया, 2 घंटे में पुलिस ने दोनों को सकुशल परिजनों से मिलवा दिया।**

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि सुबह 11 बजे बालक-बालिका रोते हुए मिले थे। दोनों को थाने लाया गया, उन्हे सांत्वना दी गई, स्टॉफ चॉकलेट लाया। बमुश्किल बालिका ने अपना नाम शिवन्या और भाई का नाम सूरज बताया। वह माता-पिता का नाम नहीं बता पा रहे थे। बालिका ने सिर्फ इतना बताया कि वह डेलवास के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाते है। इसी आधार पर महिदपुर रोड थाना पुलिस से संपर्क कर डेलवास के चौकीदार का नंबर प्राप्त किया गया। जिससे जानकारी लेने पर पता चला कि दोनों बच्चे गांव में रहने वाले लखनसिंह के है। लखन से संपर्क करने सामने आया कि दोनों बच्चे मां किरण के साथ रिश्तेदारी में बिरलाग्राम आये हुए है। रिश्तेदार की जानकारी लेकर उनसे संपर्क किया गया। दोनों बच्चों की मां और रिश्तेदार भी उन्हे तलाश कर रहे थे। जिन्हे थाने बुलाया गया और बच्चों को सकुशल सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा था कि बच्चे खेलते हुए घर से दूर निकल गये थे।

# महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए लॉन्च किया अवंति

▶ 70 से अधिक महिलाओं ने की कार्यक्रम में सहभागिता



**उज्जैन।** उज्जैन के उद्यमिता परिदृश्य को सशक्त बनाने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई गति देने के लिए 25 मार्च 2026 को उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा अवंति महिला उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ का सफल शुभारंभ किया गया। यह पहल विशेष रूप से महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को गति देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। इस भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम उज्जैन की अध्यक्ष कलावती यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेषज्ञ मेंटर्स, विशिष्ट अतिथियों एवं महिला उद्यमियों ने भी सहभागिता की। आयोजन में 70 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें संभावित उद्यमी, स्टार्टअप संस्थापक एवं विभिन्न क्षेत्रों के हितधारक शामिल रहे। मुख्य आकर्षण 15 से अधिक महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप उत्पादों की प्रदर्शनी रही, जिसने उज्जैन में बढ़ती नवाचार एवं उद्यमिता की भावना को दर्शाया। अवंति को एक समावेशी मंच के रूप में विकसित किया गया है। इसके माध्यम से कोई भी महिला—चाहे वह गृहिणी हो, छात्रा, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, होम-बेस्ड व्यवसाय संचालक या एक उभरती उद्यमी—अपने विचारों को सफल और टिकाऊ व्यवसाय में परिवर्तित कर सकेगी। इस पहल के तहत महिलाओं को व्यापक उद्यमिता सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसमें बिजनेस प्लानिंग, आइडिया वैलिडेशन, डिजिटल साक्षरता, मार्केटिंग, ग्राहक प्रबंधन, वित्तीय मार्गदर्शन, और कानूनी सहायता

### उभरते शहरों में उद्यमिता पर हुआ मंथन

कार्यक्रम में उभरते शहरों में महिला उद्यमिता: अवसर, चुनौतियां एवं सहयोगी तंत्र विषय पर एक सार्थक पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसमें टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम और महिला उद्यमियों की चुनौतियों के समाधान पर विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। गौरतलब है कि केवल एक वर्ष के भीतर उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर ने नवाचार और मेंटरशिप के माध्यम से शहर के स्टार्टअप इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# सोने की ईंट का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले दंपत्ति गिरफ्तार



**उज्जैन।** सस्ते दाम में सोने की ईंट का झांसा देकर 5 लाख की धोखाधड़ी करने वाले झाबुआ के दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों के पास से 5 लाख रुपए नगद भी बरामद किए गए हैं।

माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि हाथीपुरा में रहने वाली जसोदा जीनवाल ने शिकायत दर्ज कराई थी, वह भोजनालय संचालित करती है। उसके यहां भोजन करने आए दंपत्ति ने सस्ते दाम में सोने की ईंट देने का झांसा देकर 5 लाख की धोखाधड़ी की है। दोनों ने सोने की ईंट की कीमत 50 लाख से अधिक होना बताई थी। उन्होंने ईंट का एक टुकड़ा भी दिया था जो सोने का होना सामने आया था। लालच में आकर 5 लाख रुपए दे दिए। बाद में सोने की ईंट नकली होना सामने आई। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर दंपति की तलाश शुरू की और सुराग मिलते ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया। धोखाधड़ी करने वाले कालू पिता तेरिया भाबोर 50 वर्ष, जाति भील, निवासी ग्राम अमलिया फलिया, थाना झाबुआ और साबर बाई पति कालू भाबोर 45 वर्ष होना सामने आए हैं। जिनकी निशानदेही पर 5 लाख भी बरामद कर लिये गए हैं।

### दंपत्ति को न्यायालय में पेश कर भेजेंगे जेल

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती के अनुसार दोनों को गिरफ्तार करने में सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत गौतम, प्रधान आरक्षक आशुतोष नागर, आरक्षक देवराज सिंह, महिला आरक्षक प्रतिभा, महिला आरक्षक फूलनश्री तथा प्रधान आरक्षक अन्नपूर्णा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों आरोपी दंपति को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# बैतूल से पकड़ाया मादक पदार्थ मामले में फरार आरोपी

▶ मामले में करीब 5 माह से चल रहा था फरार, तीन साथ पकड़ा चुके थे

**उज्जैन।** मादक पदार्थ मामले में 5 माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने बैतूल में दबिश देकर गिरफ्तार किया। रविवार रात उज्जैन लाने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। आरोपी के 3 साथी पूर्व में पकड़े जा चुके थे।

नीलगंगा थाना पुलिस ने अक्टूबर माह में सांवराखेड़ी मार्ग से बैतूल के रहने वाले शिवा हजारे, शुभम भगत और शुभम दभाडे को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 37 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। तीनों ने पूछताछ में ड्रग्स बैतूल के विनोभा नगर में रहने वाले दीपक उर्फ लाल हिरानी द्वारा उपलब्ध करना कबूल किया था। पुलिस ने दीपक को भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। लेकिन वह फरार चल रहा था, 5 माह बाद पुलिस को उसके बैतूल में होने की पुख्ता खबर मिलने पर एसआई यादवेन्द्र परिहार, प्रधान आरक्षक मंगल टेगौर और देवेन्द्र बुंदेला की टीम बैतूल रवाना हुई। जहां पहुंचकर विनोभा नगर में दबिश दी गई, फरार आरोपी दीपक गिरफ्त में आ गया। जिसे रात उज्जैन लाया गया और कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

# सड़कों पर अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

▶ महापौर ने वीडी क्लॉथ मार्केट रोड
▶ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



**उज्जैन।** बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कोयला फाटक से होते हुए निजातपुरा एवं वीडी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा तक निगम द्वारा किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण एवं रोड निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया की मार्ग चौड़ीकरण के पश्चात सड़कों पर अतिक्रमण ना हो, मार्ग पर अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चौड़ीकरण का कार्य सुगम आवागमन एवं यातायात सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। अगर मार्ग पर अतिक्रमण होगा तो चौड़ीकरण कार्य का अर्थ ही नहीं निकलेगा इसलिए जिन मार्गों पर भी चौड़ीकरण का कार्य प्रचलित है वहां पर चौड़ीकरण का कार्य दिखना चाहिए कि मार्ग सुगम आवागमन हेतु इतना मीटर चौड़ा किया गया है।

### पोल एवं ब्लॉक का कार्य पूर्णता की ओर है

निरीक्षण के दौरान कोयला फाटक से निजातपुरा तक चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। जहां वर्तमान में कोयला फाटक से निजातपुरा तक 450 मीटर से अधिक रोड निर्माण का कार्य, इलेक्ट्रिक पोल, नाली निर्माण एवं ब्लॉक लगाए जाने का कार्य पूर्ण हो गया है। आगे नरेंद्र टॉकीज से कंठाल तक खुदाई का कार्य प्रचलित है। इसी के साथ वीडी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा तक भी रोड निर्माण, नाली निर्माण, इलेक्ट्रिक पोल एवं ब्लॉक लगाए जाने का कार्य पूर्णता की ओर है।

**महाकाल में निरीक्षण...** महाकाल की सुरक्षा सीआईएसएफ करें, उज्जैन के उमेशनाथ महाराज ने राज्यसभा में की मांग

# गर्मी में श्रद्धालुओं की सुविधा देखने महाकाल मंदिर पहुंचे संभागायुक्त

**उज्जैन।** गर्मी में श्रद्धालुओं की सुविधा चेक करने के लिए उज्जैन के संभागायुक्त आशीष सिंह एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह बुधवार को महाकाल मंदिर पहुंचे। अफसरों ने मंदिर के अंदर व बाहर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु परिसर में समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अफसरों ने कहा कि धूप में श्रद्धालुओं के पैर न जले इस हेतु पर्याप्त मेटिंग, पेयजल की उपलब्धता, छाया की पर्याप्त व्यवस्था की जाएं।

महाकाल मंदिर की सुरक्षा सीआईएसएफ से कराई जाए। यह मांग राज्यसभा में सदस्य उज्जैन के बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने की है। महाराज ने कहा कि यहां महाकाल के दर्शन के लिए रोजाना लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं। सिंहस्थ 2028 में करोड़ों की संख्या में लोग आएंगे। मंदिर की सुरक्षा प्रमुख मुद्दा है।

श्री महाकाल मंदिर की प्रशासनिक एवं डिजिटल व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए यूको बैंक ने लगभग 16 लाख रुपये मूल्य की अत्याधुनिक तकनीकी सामग्री भेंट की गई। इसके अंतर्गत मंदिर प्रशासन को डेस्कटॉप कंप्यूटर, सर्व-समेकित कंप्यूटर प्रणाली, संग्रहित डिस्क, वेब कैमरा एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति यंत्र जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी उपकरण प्रदान किए गए। ये संसाधन मंदिर की डिजिटल सेवाओं, सुरक्षा निगरानी एवं तकनीकी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाएंगे। यह सामग्री विक्रांत टंडन के मार्गदर्शन में सत्येन्द्र सिंह रघुवंशी एवं प्रबंधक चेतन सोनी द्वारा भेंट की गई। इस अवसर पर जयंत राठौर, सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया, स्टोर प्रभारी शिवकांत पाण्डे एवं आईटी प्रभारी दीपक परमार उपस्थित रहे।



### आज रात 12 होगी गढ़कालिका में महाआरती

इधर प्रसिद्ध मां गढ़कालिका मंदिर में चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर गुरुवार की रात 12 बजे ढोल-नगाड़ों से महाआरती की जाएगी। मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया कि शाम को शासन की ओर से नगर पूजा भी की जाएगी। प्रशासन के अधिकारी पूजन में शामिल होंगे। इसके बाद रात 12 बजे मां गढ़कालिका की महाआरती की जाएगी। महाष्टमी के अवसर पर मां गढ़कालिका का स्वर्ण श्रृंगार होगा एवं फलों व मिठाई का महाभोग लगाया जाएगा।